आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित




बर्ष :13 अंक :430 पृष्ठ -4 दिनांक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार

## यूपी में 3 दिन गरज-चमक के साथ बारिश, 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

### 20 मार्च को प्रदेश के दोनों संभाग पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई

उत्तर प्रदेश में इन दिनों मौसम कभी बारिश तो तभी धूप की आंख–मिचौली खेल रहा है. मौसम का मिजाज एकदम बदला हुआ सा नजर आ रहा है. बीते दिनों से तेज हवाएं चल रही है तो वहीं इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर से बारिश और तेज हवाओं के साथ आंधी–तूफान का अलर्ट जारी किया है. पश्चिमी यूपी के आगरा, मुरादाबाद समेत कई इलाकों में आज तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है तो वहीं  पूर्वी यूपी में अगले तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में आज 20 मार्च को प्रदेश के दोनों संभाग पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कहीं–कहीं बारिश और गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई




है. इस दौरान 30–40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है और मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है. शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है. यूपी के 29 जिलों में आज कई जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. प्रदेश में गुरुवार को आगरा, मथुरा, हाथरस, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रतापगढ़, जौनपुर, कौशांबी, आजमगढ़, मऊ, वाराणसी, संत रविदास नगर, प्रयागराज, मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर और बलिया में तेज हवाओं और बिजली की चमक के साथ बारिश हो सकती है.मौसम विभाग के मुताबिक अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है हालांकि इसके बाद किसी तरह के बदलाव का अनुमान नहीं हैं. इस बीच पिछले 24 घंटों में बांदा में सबसे गर्म जनपद रहा. यहां अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. जबकि कानपुर में सबसे कम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस रहा.

## जामा मस्जिद में तीन दिवसीय एतिफाक, होगा भव्य कार्यक्रम



लखनऊ : तहसीनगंज स्थित शाही जामा मस्जिद में 22 रमजान से तीन दिवसीय एतिफाक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। एतिफाक का यह 27वां साल है। मौलाना शाहकार जैदी ने बताया कि अली कासिम रिजवी और रिजवान हैदर की को. शिशों से पहली बार 1999 में जामा मस्जिद एतिफाक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। तब यह सिलसिला हर साल चल रहा है।एतिफाक का तात्पर्य उस इबादत से है जिसमें इंसान अपना घर–परिवार और समाज को पूरी तरह से छोड़कर अल्लाह की इबादत के लिए मस्जिद में आता है। 22 से 24 रमजान तक चलने वाले एतिफाक में शामिल होने वाले तीन दिन लगातार मस्जिद में ही रहेंगे और अल्लाह की इबादत करते रहेंगे। इस दौरान वह मस्जिद से बाहर नहीं निकलेंगे।एतिफाक में शामिल होने वाले रोजेदारों को धर्मगुरु कुरान का पाठ कराएंगे, साथ ही धर्मग्रंथों और इस्लाम धर्म से जुड़ी जरूरी बातों की जानकारी देंगे। इस दौरान धर्म के बारे में फैली भ्रांतियों से भी उन्हें सावधान किया जाएगा।मौलाना शाहकार जैदी ने बताया कि एतिफाक में बैठने की पहली शर्त है रोजा रखना। बगैर रोजा रखे हुए कोई एतिफाक में शामिल नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि एतिफाक के दौरान परिवार, समाज और देश के कल्याण की दुआ की जाती है।उन्होंने बताया कि एतिफाक में शामिल होने के लिए एक फार्म भरना होगा। इस पर पासपोर्ट साइज की तस्वीर और आधार कार्ड की कापी लगानी होगी। एतिफाक में शामिल होने वाले को 22 रमजान (23 मार्च) को सहरी से पहले मस्जिद में प्रवेश करना होगा। एतिफाक में शामिल होने के लिए 15 साल से ज्यादा की उम्र होनी चाहिए। एतिफाक के दौरान तीन दिन तक सहरी, इफ्तार और रात के खाने की व्यवस्था मस्जिद प्रबंधन की ओर से होगी।उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय एतिफाक की व्यवस्था वकार हैदर रिजवी, महमूद अख्तर, इंजीनियर अहमद रजा, यावर हुसैन, रफीक हुसैन, डॉ. रजी, मो. हम्मद, उर्फी, आशु, शकील, अर्शी जैदी, फैसल और फिरोज हैदर आदि कर रहे हैं।

## पेट में उठा दर्द, युवक ने इंटरनेट देख खुद शुरू किया अपना ऑपरेशन, 12 टांके लगाने के बाद हालत बिगड़ी



उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है जिसमें पेट दर्द से परेशान युवक ने खुद ही ऑपरेशन करने की कोशिश की। युवक ने इंटरनेट पर ऑपरेशन का तरीका देखकर और मेडिकल स्टोर से सुन्न करने वाला इंजेक्शन (एनेस्थीसिया) खरीदकर अपनी मदद करने का फैसला लिया।मथुरा के गांव सुनरख निवासी 32 वर्षीय राजाबाबू पेट दर्द से परेशान था। उसने घर के एक कमरे में बंद होकर खुद ऑपरेशन करने की कोशिश की। उसने पहले पेट को सुन्न करने के लिए इंजेक्शन लगाया और फिर पेट के निचले हिस्से में एक सर्जिकल ब्लेड से सात इंच लंबा चीरा मारा। ऑपरेशन के दौरान पेट के अंदर ब्लेड ज्यादा गहरे तक चला गया जिससे दर्द बढ़ गया और खून भी बहने लगा। फिर उसने खुद ही टांके लगाने की कोशिश की और करीब 12 टांके लगाए।राजाबाबू ने ऑपरेशन करने की जानकारी इंटरनेट से प्राप्त की थी। उसने सर्जिकल ब्लेड, स्टिचिंग का सामान और सुन्न करने वाला इंजेक्शन मथुरा के बाजार से खरीदा था। इसके बाद उसने खुद ही ऑपरेशन की कोशिश की। राजाबाबू के भतीजे राहुल ने बताया कि राजाबाबू को कई साल पहले अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था लेकिन उसके बाद भी उसे पेट में दर्द की शिकायत बनी रही। अल्ट्रासाउंड भी कराया गया था जो सामान्य आया था। इसके बाद राजाबाबू ने खुद ही ऑपरेशन करके दर्द से राहत पाने की कोशिश की। वृंदावन संयुक्त जिला चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग के प्रभारी डॉ. शशिरंजन ने बताया कि रा. जाबाबू ने पेट के दाहिने हिस्से में सात इंच लंबा चीरा लगाया था और 10–12 टांके गलत तरीके से लगाए थे। उसे तुरंत टांके लगाकर आगरा के लिए रेफर कर दिया गया है।

## यूपी के 20 जिलों में अखिलेश यादव बदलेंगे जिलाध्यक्ष, इन लोगों को सपा से बाहर का रास्ता दिखाएंगे सपा चीफ

उत्तर प्रदेश में सभी राजनीतिक दल साल 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं. इसी कड़ी में जहां भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर संगठन पर्व के मद्देनजर यूपी में भी संगठनात्मक बदलाव जारी हैं, तो वहीं अब समाजवादी पार्टी में भी बड़े फेरबदल के आसार हैं. जानकारी के अनुसार सपा ने 20 से ज्यादा  जिलाध्यक्षों को बदलने की तैयारी कर ली है.  नई कमेटियों और जिलाध्यक्षों का चयन कार्यकर्ताओं की सक्रियता के आधार पर तय होगा.इसके अलावा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव निष्क्रिय पदाधिकारी को बाहर का रास्ता दिखा सकते हैं. साल 2026 में पंचायत और साल 2027 में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी स्थानीय स्तर पर अपने संगठन को दुरुस्त करना चाहती है, ताकि बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत किया जा सके.सूत्रों के मुताबिक पदाधिकारी के कामकाज का मूल्यांकन किया जा रहा है. जो पैमानों पर फिट नहीं बैठेंगे, उन पर जल्द ही इन पर गाज गिर सकती है. समाजवादी पार्टी बदलाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर काम कर रही है.गौरतलब है कि बीते दिनों ही बीजेपी ने राज्य में अपने 70 जिलाध्यक्षों के नाम का ऐलान किया था. राज्य के कुछ 98 जिलाध्यक्षों में से 70 जिलाध्यक्षों के नाम का ऐलान ही किया गया था. इसके बाद बीजेपी ने अपने संगठन के ढांचे को और दुरुस्त करने की तैयारी तेज कर दी है.राज्य में बीजेपी के नए अध्यक्ष का ऐलान भी जल्द होने की संभावना है. प्रदेश अध्यक्ष पद की रेस में कई नेताओं का नाम चल रहा है. माना जा रहा है कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के अलावा हरीश द्विवेदी इस रेस में सबसे आगे हैं. हालांकि अगर पार्टी पिछड़े या किसी दलित नेताओं को इस पद की जिम्मेदारी देती है तो कई किसी पूर्व सांसद को भी इस पद पर बैठाया जा सकता है

## गरीब बच्चों की कोचिंग के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा फैसला

उत्तर प्रदेश में गरीब और वंचित वर्ग के छात्रों की बेहतर शिक्षा के लिए राज्य की योगी सरकार ने अहम फैसला लिया है. राजधानी लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास में एक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अभ्युदय योजना से राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के टीचर्स को भी जोड़ा जाए. समाज कल्याण विभाग के काम की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी सरकार द्वारा 'अंत्योदय से सर्वोदय' की नीति के साथ बिना भेदभाव लोककल्याण की अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं. यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक योजना का लाभ 100: पात्र लोगों को अवश्य मिले. सरकार का लक्ष्य 100: संतृप्तिकरण है. मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए, जिससे अधिकाधिक जरूरतमंद लोग जागरूक हों और योजनाओं का लाभ उठा सकें.आदर्श ग्राम योजना के लिए 10 हजार से ज्यादा ग्राम का चयनसीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत



संचालित 'आदर्श ग्राम योजना' के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 10,384 ग्राम चयनित किए गए हैं. गांवों के चयन में अनुसूचित जाति बहुल गांव को प्राथमिकता दी जाए. इन गांवों के विकास में समाज कल्याण विभाग, अन्य विभागों जैसे ग्राम्य विकास तथा पंचायतीराज विभाग के साथ समन्वय करते हुए सभी कार्य समय सीमा के अंदर पूरा करें.उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली गरीब युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए संचालित श्मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनाश के विगत वर्षों में अच्छे परिणाम आए हैं. इसे और बेहतर ढंग से संचालित करने की आवश्यकता है, जिससे अधिक से अधिक छात्र–छात्राएं इसका लाभ ले सकें. इनमें विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को इंपैनल्ड किया जाए, साथ ही प्रदेश में तैनात नए अधिकारियों को इन कोचिंग सेंटरों से जोड़ा जाना चाहिए.सीएम योगी ने छात्रावास में सुविधाएं बढ़ाने को दिए निर्देशमुख्यमंत्री ने कहा कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाएं बढ़ाई जाएं. इनका बेहतर रखरखाव सु. निश्चित किया जाए. छात्र–छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाए. विभागीय मंत्री और अधिकारियों द्वारा इन छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए. इन छात्रावासों में समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए, जिससे यहां पढ़ाई का बेहतर माहौल बन सके.

## महोबाः लकड़ी कीमत विवाद को लेकर दंबग ने युवक पर फायरिंग, बाल–बाल बचा युवक

महोबा के खरेला थाना क्षेत्र के कुडार गांव में लकड़ी की कीमत को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने युवक पर फायरिंग कर दी. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. हालांकि इस फायरिंग में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है. घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है. बल्लाय गांव के सतीश ने कुडार गांव निवासी खेमचंद्र से लकड़ी खरीदी थी. लकड़ी काटने के लिए सतीश अपने साथियों के साथ खेमचंद्र के गांव गया था. वहां कीमत को लेकर दोनों में विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि खेमचंद्र ने सतीश पर बंदूक से फायर कर दिया. हालांकि, सतीश बाल–बाल बच गया. सतीश और उसके परिजन ने घटना के बाद ही खेमचंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है. वायरल वीडियो में खेमचंद्र बंदूक से फायरिंग करता दिख रहा है. सतीश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है. पुलिस की निष्क्रियता से आरोपी बेखौफ है. गांव में दहशत का माहौल है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो पर लोगों की जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं.वायरल हो रहे वीडियो पर लोगों पुलिस प्रशासन पर कार. 'वाई न करने को लेकरसवाल उठा रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई न होने से अपराधियों केहौसले बढ़े हुए हैं. घटना के समय सतीश के पास कोई साक्ष्य नहीं था. अब वीडियो सामने आने के बाद सतीश और उसके परिजनों ने खेमचंद्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है. इस घटना के बाद से सतीश और उसका परिवार काफी आहत है.

## लखनऊ में इंटरव्यू देकर ऑटो से लौट रही महिला की लूटपाट के बाद हत्या, बाग में पड़ा मिला शव

राजधानी लखनऊ के मलीहाबाद क्षेत्र इंटरव्यू देकर ऑटो से लौट रही महिला के साथ लूट और हत्या का मामला सामने आया है. ये महिला अयोध्या के रौनाही क्षेत्र की रहने वाली थी और वाराणसी में इंटरव्यू के बाद लखनऊ में अपने भाई के घर लौट रही थी. मंगलवार देर रात उसने आलमबाग बस अड्डे से ऑटो लिया और भाई के घर चिनहट के लिए निकली थी. महिला ने ऑटो में बैठते ही भाई को लाइव लोकेशन भेजी. इस बीच वो मोबाइल पर अपने भाई और भाभी से भी बात करती रही. थोड़ी दूर के बाद ऑटो चालक ने रास्ता बदल दिया और उसे मलीहाबाद इलाके में ले गया.  लोकेशन से भाई को जब पता चला भाई ने 112 पर पुलिस को सूचना दी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी.

## लखनऊ : उत्तर प्रदेश विधानसभा की सुरक्षा को देखते हुये विधायकों को नये पास जारी

लखनऊ उत्तर प्रदेश विधानसभा की सुरक्षा को देखते हुये विधायकों को नये पास जारी किये जायेंगे. एक विधायक को दो पास ही मिलेंगे. इससे विधायकों द्वारा विधानसभा पास के दुरुपयोग पर रोक लग सकेगी. यह फैसला विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने लिया है.आमतौर पर विधायक अपने नाम पर 8 से 9 कार पास जारी करवा लेते थे. जिसकी वजह से कई बार अनधिकृत लोग भी विधानसभा में घुस जाते हैं. इससे विधानसभा की सुरक्षा को खतरा तो रहता ही है. साथ ही कई बार सदन की गरिमा भी टूटी है.विधायक समर्थक करते थे गलत इस्तेमालरू यही नहीं इन पास का दुरुपयोग टोल प्लाजा पर भी किया जाता है. कई बार विधायक के समर्थक टोल बचाने के लिए अपनी गाड़ी पर विधायक के कार पास का इस्तेमाल करते हैं. यह सारी व्यवस्था अब समाप्त की जाएगी. एक अप्रैल से नई व्यवस्था के लागू होने की संभावना व्यक्त की जा रही हैस्पीकर सतीश महाना विधानसभा में अनुशासन को लेकर सख्त हैं. इस संबंध में उनको मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पूरा समर्थन मिल रहा है. इसलिए अब सदन में आने वाले विधायकों को कार पास सीमित मिलेंगे. प्रत्येक विधायक के लिए मात्र दो कार पास की व्यवस्था लागू कर दी गई है.नहीं हो सकेगी डुप्लीकेसी रू बताया जा रहा है कि नए पास पहले के मुकाबले कहीं अधिक सुरक्षित होंगे. बारकोड तकनीक का उपयोग और अधिक आधुनिकता के साथ किया जाएगा. जिसकी वजह से उनकी डुप्लीकेसी की कोई संभावना नहीं रह जाएगी

# अलीगढ़ मंडल की कमिश्नर संगीता सिंह अलीगढ़ विकास प्राधिकरण ADA और ट्रैफिक विभाग को दिया आदेश

अलीगढ़ मंडल की कमिश्नर संगीता सिंह अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (।व।) और ट्रैफिक विभाग को आदेश दिया है कि वे ऐसे अस्पतालों और मैरिज होम को चिन्हित करें, जहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है. वहीं शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर प्रशासन गंभीर है. बिना पार्किंग वाले अस्पतालों और मैरिज होम के कारण सड़कों पर वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े किए जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है. यह समस्या केवल लोगों की असुविधा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि कई बार आपातकालीन स्थितियों में एंबुलेंस और अन्य महत्वपूर्ण वाहनों को भी रास्ता नहीं मिल पाता है. इसी वजह से प्रशासन ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है और ठोस कदम उठाने का फैसला किया है. कमिश्नर संगीता सिंह ने स्पष्ट किया कि ।व। और ट्रैफिक विभाग मिलकर ऐसे सभी अस्पतालों और मैरिज होम की सूची तैयार करें, जहां पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यदि कोई अस्पताल या मैरिज होम अपनी पार्किंग व्यवस्था में सुधार नहीं करता, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. अस्पतालों और मैरिज होम के आसपास यातायात की अव्यवस्था से राहगीरों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. जब कोई व्यक्ति अस्पताल आता है, तो उसे अपनी गाड़ी खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिलती, जिससे वह मजबूरी में सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देता है. इसी तरह, शादी समारोहों के दौरान पार्किंग न होने की स्थिति में बड़ी संख्या में गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी हो जाती हैं, जिससे यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है.



बिना पार्किंग वाले अस्पतालों और मैरिज होम के कारण दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है. जब वाहन अनियंत्रित रूप से खड़े किए जाते हैं, तो सड़क संकरी हो जाती है, जिससे बाइक सवार और पैदल यात्री सुरक्षित रूप से रास्ता पार नहीं कर पाते. इसके अलावा, कई बार वाहन अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे टकराव की संभावना बढ़ जाती है. कमिश्नर ने आदेश दिया है कि नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए. यदि कोई व्यक्ति किसी अस्पताल या मैरिज होम के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या की शिकायत करता है, तो संबंधित विभाग को तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का निरीक्षण करना होगा. प्रशासन उन सभी अस्पतालों और मैरिज होम की सूची तैयार करेगा जहां पार्किंग की समस्या बनी हुई है.मंडलायुक्त संगीता सिंह ने आदेश देते हुए कहा कि–

- ●जिन संस्थानों के पास पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होगी, उन्हें पहले चेतावनी दी जाएगी और आवश्यक सुधार करने के लिए समय दिया जाएगा.
- ●अधिकारियों की निगरानी में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सुधार कार्य समय पर पूरा किया जाए.
- ●यदि कोई संस्थान निर्देशों का पालन नहीं करता, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस रद्द करना भी शामिल हो सकता है.कमिश्नर संगीता सिंह ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों को पार्किंग की समुचित व्यवस्था करनी होगी ताकि मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी न हो. अस्पतालों के आसपास सड़क पर वाहन खड़ा करना न केवल यातायात के लिए बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि मरीजों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है. इसके साथ ही शादी समारोहों में अक्सर पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर भारी भीड़ जमा हो जाती है. प्रशासन ने तय किया है कि सभी मैरिज होम को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके यहां आने वाले मेहमानों के वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान हो.

## 17 अप्रैल से 16 मई तक मण्डल भर में चलेगा ऑपरेशन जागृति फेज–04 मण्डलायुक्त ने ऑपरेशन के सफल क्रियान्वन के लिए जारी किए आवश्यक दिशा–निर्देश

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा 17 अप्रैल से 16 मई तक संचालित होने वाले ऑपरेशन जागृति फेज04 के सफल क्रियान्वयन के लिए मण्डल के सभी जिला मजिस्ट्रेट, एसएसपी, एसपी एवं संबंधित मण्डलीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन जागृति के लिए लॉन्च गोष्ठी 11 अप्रैल एवं लॉन्चिंग 15 अप्रैल को प्रस्तावित है, इसके लिए सभी जिलों में माइक्रो प्लान एवं अन्य कार्यो के लिए यूनिसेफ की टीम द्वारा प्रत्येक जिले में 02 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम किया जायेगा। जिसमें सभी नोडल अधिकारी को टीम के साथ अपेक्षित सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ की टीम द्वारा अलीगढ़ में 25 व 26 मार्च, एटा में 07 व 08 अप्रैल, कासगंज में 20 व 21 अप्रैल को भ्रमण किया जाएगा।कमिश्नर ने ऑपरेशन जागृति फेज–04 के मुख्य बिन्दुओं की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान हिंसा से पीड़ित महिलाओं व बालि. काओं को परामर्श व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही उनको हिंसा के प्रति जागरूक किया जाएगा और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रकरणों में लम्बित अनुदान की धनराशि का भुगतान कराया जाएगा। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को मोहरा बनाकर झूठे अभियोग दर्ज कराने के दुष्परिणामों से अवगत कराने के साथ ही प्रेम सम्बन्धों के प्रकरणों में कानूनी कार्यवाही एवं अन्य दुष्प्रभावों के बारे में किशोरकिशोरियों एवं अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं व महिलाओं को सोशल मीडिया के जरिये होने वाली साइबर बुलिंग से बचाव के लिए बरतने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया जाएगा और आम नागरिकों विशेषकर युवाओं के मध्य नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे की लत से दूर रहने के लिए जन–जागरूकता अभियान एवं व्यापक स्तर पर दुष्प्रभावों का प्रचार–प्रसार कराया जाएगा। विवाहेत्तर सम्बन्धों के मामलों में पारिवारिक समस्याओं के समाधान एवं विवादों का निस्तारण आपसी सहमति से कराने के लिए काउंसलिंग कराई जाएगी।मण्डलायुक्त ने बताया कि नोडल ऑफिसर यूनिसेफ के साथ मिलकर अभियान की कार्य योजना एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर रोस्टर जारी करेंगे। थाना स्तरीय कार्यक्रम के लिए क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष ज्यादा से ज्यादा स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता जिसमें सभी ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, प्रभावशाली व्यक्ति, सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को शामिल कर कार्यक्रम आयोजित कराएंगे। प्रभारी महिला थाना द्वारा महिला जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, शिक्षाविद व मनोवैज्ञानिकों को आमंत्रित किया जाएगा। ब्लॉक व थाना स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की गाँवों में मुनादी कराई जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक मै. टेरियल दिखाने के लिए प्रोजेक्टर, लैपटॉप से डिजिटली प्रस्तुतिकरण किया जाएगा और यूनिसेफ के द्वारा तैयार बैनर कार्यक्रम स्थल पर लगानाउन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के विभागवार समस्त नोडल अधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नाम मोबाइल नम्बर (जिस पर व्हाटसअप चलता हो) की सूची निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ को उपलब्ध कराएं।उन्होंने ऑपरेशन जागृति फेज–04 अभियान को शासन की मंशा के अनुरूप सफल बनाने के लिए शासन के दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी जिलों को पूर्ण मनोयोग एवं सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन जागृति फेज04 अभियान में अलीगढ़ मण्डल का स्थान प्रदेश में अग्रणी लाने के लिए मण्डल के समस्त जनपदों में सामूहिक एवं सतत् प्रयास सुनिश्चित किया जाए और सभी जिलों में प्रत्येक विभाग दिए गए आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

## डीईओ ने वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि निरिक्षण के समय रहे उपस्थिति

अलीगढ़ (जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन द्वारा गुरूवार को संबंधित अधिकारियों के साथ ईवीएम वेयरहाउस पहुॅच राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। डीईओ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया। यह कार्य सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ है। डिप्टी डीईओ पंकज कुमार ने बताया कि वेयर हाउस में 5356 बैलेट यूनिट5747 कंट्रोल यूनिट एवं 5630 वीवीपैट संरक्षित हैं। बीजेपी से उदयवीर सिंह लोधी, बीएसपी से अनिल कुमार शर्मा, मुनीश अहमद गाजी, एसपी से शाकिर अंसारी, सीपीएम से इदरीश मोहम्मद, आईएनसी से मोहम्मद मुमताज की उपस्थिति में वेयर हाउस की सील खोली गई। सुरक्षा को जांचते हुए पुनः सभी प्रतिनिधियों के समक्ष वेयर हाउस को सील किया गया।

## माटीकला बोर्ड के तत्वाधान में मण्डलीय सेमीनार का हुआ आयोजन

अलीगढ़ मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह द्वारा माटीकला से जुडे एवं परम्परागत कारीगरों के उत्साहवर्धन एवं बढ़ावा दिये जाने के लिए माटीकला बोर्ड के तत्वाधान में क्षेत्रीय श्री गॉधी आश्रम में आयोजित मण्डल स्तरीय सेमीनार का फीता काटकर और गाँधी जी के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती संजीदा बेगम द्वारा शॉल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ने माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उ० प्र० माटीकला बोर्ड गठन की सराहना की और प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। सेमीनार में शिल्पकारी सत्र में माटीकला कन्सलटेन्ट डा0 अनिल कुमार गुप्ता माटीकला ज्वैलरी बॉक्स के बारे अति आधुनिक जानकारी दी गयी। डायरेक्टर उडान आर्टिस्ट श्रीमती ममता राजपूत द्वारा सेमीनार के संचालन के साथ–साथ माटीकला के व्यवसायिक विषय पर व्याख्यान दिया गया। फाइन आर्ट विशेषज्ञ प्रो० डा0 इन्द्रा अग्रवाल द्वारा तकनीकी सत्र पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में डा० देवकी नन्दन गोला प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष प्रजापति समाज एवं श्रीमती राज. कुमारी गोला प्रतिनिधि, पूर्व अध्यक्ष माटीकला बोर्ड दर्जा राज्यमंत्री द्वारा प्रजा. पति समाज के उपस्थित लोंगों को माटीकला के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए किसी समस्या होने पर उनसे सम्पर्क किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम के मंत्री श्री संतोष कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय निदेशक इग्नू अलीगढ के डायरेक्टर डा0 अजय वर्धन आचार्य, लल्लू सिंह अध्यक्ष जनसेवा आश्रम, राजेन्द्र शर्मा मंत्री जनसेवा आश्रम, जिला उद्योग केन्द्र के सहायक प्रबन्धक सतीश कुमार, श्रीमती रूही खान, अर्थ इन्टरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य द्वारा भी अपने–अपने विचार प्रकट किये।एक दिवसीय माटीकला सेमीनार में परिक्षेत्रीय व जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अन्त में परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी श्रीमती संजीदा बेगम द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह तथा सभी अतिथियों पुष्प गुच्छ तथा अंगवस्त्र देकर धन्यवाद देते हुए एक दिवसीय माटीकला सेमीनार का समापन किया गया। माटीकला सेमीनार में लगभग 250 माटीकला से जुडे कारीगरों द्वारा भाग लिया गया।

## जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक के कार्यालय में जनपदीय शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भेंटवार्ता की

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अलीगढ़ मण्डल का प्रतिनिधि मंडल माननीय जगवीर किशोर जैन पूर्व सदस्य विधान परिषद के नेतृत्व में आज दिनांक 20– 3– 25 को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक के कार्यालय में जनपदीय शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भेंटवार्ता की। जिसमें 30 जूनः 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो चुके शिक्षकों को एक नोशनल वेतन वृद्धि देने के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक से कहा की शिक्षकों की पत्रावली सीधे उप शिक्षा निदेशक कार्यालय में मंगवाई जाए और उनके जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत होने वाले जनपद अलीगढ़ के 28 , जनपद एटा की 9, जनपद हाथरस के 18 तथा कासगंज के 4 शिक्षकों कुल 59 शिक्षकों में से 32 की पेंशन पत्रावली उपलब्ध हुई है। उस पर संयुक्त शिक्षा निदेशक ने आश्वासन दिया है कि 10 अप्रैल तक सभी पत्रावलियों का निस्तारण कर दिया जाएगा। इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय से हुई वार्ता में जिले के शिक्षकों की पेंशन संबंधी एवं एन०पी०एस० से पुरानी पेंशन में परिवर्तित शिक्षकों की पत्रावलियों के निस्तारण का आश्वासन दिया और उन्होंने कहा कि आति शीघ्र जो अन्य समस्याएं लिखित में दी है उनका निस्तारण कर दिया जाएगा ।

प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय मंत्री श्री देवेंद्र कुमार यादव, ऋषीन्द्र कुमार सिंह जिला अध्यक्ष, मोहित जैन जिला मंत्री, हुकुम सिंह कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष, महेश शर्मा पूर्व जिला मंत्री उपस्थित रहे। श्री शैलेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त शिक्षा निदेशक के आने से पूर्व प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठकर समस्याओं को सुना।

## यूपी भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर तीन दिवसीय आयोजन 25 मार्च से जिला मुख्यालय पर कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में होंगे कार्यक्रम

अलीगढ़ रू जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 08 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 25 मार्च से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वन के संबंध में बैठक आहुत की गई। डीएम ने बताया कि जिलास्तर पर मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में किया जाएगा, जिसमें मा0 जनपद प्रभारी मंत्री एवं अन्य मा0 जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही सभी विकासखण्ड मुख्यालयों पर भी केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों विषयक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।डीएम ने बताया कि श्श्यूपी भारत का ग्रोथ इंजनश्श थीम पर आधारित तीन दिवसीय आयोजन के तहत 25 मार्च को मा0 जनपद प्रभारी मंत्री जी द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन एवं प्रेस वार्ता की जाएगी। तीन दिवसीय मेले में उपलब्धियों, विकास कार्यों और महाकुंभ प्रयागराज–2025 के सफल आयोजन पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गृह व अन्य विभागों के माध्यम से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं–परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास के साथ ही



स्टॉल्स एवं प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि त्रिदिवसीय मेले में थीम आधारित विचार गोष्ठी, सम्मेलननों का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों से ख्यातिलब्धजनों को वक्ता के रूप में आमंत्रित कर अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तीकरण, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी–समृद्ध व्यापार और अन्त्योदय से सर्वोदय विषयों पर जनसामान्य को विषय आधारित जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को मौके पर लाभ दिलाया जाएगा। त्रिदिवसीय मेले में स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों के फूड कोर्ट भी लगाए जाएंगे। मुख्य आयोजन में स्वस्थ मनोरंजन के दृष्टिगत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।सीडीओ ने बताया कि जिला मुख्यालय के साथ ही एसडीएम एवं बीडीओ के आपसी समन्वय से ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम, डीडी एग्रीकल्चर, जिला कृषि अधिकारी, डीआईओएस, बीएसए, डीपीओ, जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारीगण व समस्त बीडीओ उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग में एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश

अलीगढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग में एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश हुआ है, जिसमें 10 वर्षों तक जीपीएफ (सामान्य भविष्य निधि) के नाम पर करोड़ों रुपये का हेरफेर किया गया. इस घोटाले में 12 बेसिक शिक्षा अधिकारी (ठै।) समेत कुल 61 अधिकारियों और कर्मचारियों के शामिल होने की पुष्टि हुई है. शासन द्वारा कराई गई जांच में यह बड़ा घोटाला सामने आया, जिसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया.यह मामला 2020 में तब सामने आया जब टप्पल के शिक्षक जगदीश प्रसाद के खाते में संदिग्ध लेन–देन देखा गया. उनके खाते में 35 बार में कुल 34 लाख रुपये भेजे गए, जिससे अनियमितता का अंदेशा हुआ. जब इसकी गहराई से जांच हुई तो यह स्पष्ट हुआ कि केवल एक शिक्षक ही नहीं, बल्कि कुल 520 शिक्षकों के जीपीएफ खातों से करोड़ों रुपये निकाले गए हैं. जांच के दौरान अधिकारियों और पटेल लिपिकों की संलिप्तता पाई गई. इस मामले में दो बाबुओं को पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है, जबकि अन्य पर सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है.घोटाले की अवधि 2003 से 2013 के बीच की मानी जा रही है. इस दौरान अलीगढ़ में 30 खंड शिक्षा अधिकारी (ठम्) तैनात रहे, जिन पर भी अनियमितताओं का संदेह है. कई अधिकारियों ने इस दौरान मनमाने तरीके से शिक्षकों के जीपीएफ खातों से धनराशि निकाली और निजी उपयोग में लगा दी.बेसिक शिक्षा अधिकारी (ठै।) दिनेश सिंह, पुष्पा सिंह, मोहम्मद अल्ताफ अंसारी, मनोज कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, एस.पी. वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, एस.पी. यादव, संजय शुक्ला, धीरेंद्र यादव, डॉ. लक्ष्मी पांडे सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. इस पूरे मामले में तत्कालीन बीएसए ने 12 बीएसए सहित तीन दर्जन से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों पर केस दर्ज कराया है.

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के मिस्टर अय्यर ने CID में निभाया था सिक्योरिटी गार्ड का रोल




तारक मेहता का उल्टा चश्मा पॉपुलर शो है. इस शो के सभी कैरेक्टर्स काफी चर्चा में रहे. शो में तनुज महाशब्दे भी अहम रोल निभा रहे हैं. वो शो में मिस्टर अय्यर के किरदार में नजर आए. तनुज को फैंस शो में बहुत पसंद करते हैं. वो शो में मुनमुन दत्ता (बबीता जी) के पति के रोल में हैं. मुनमुन संग उनकी केमिस्ट्री पसंद की जाती है. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि तनुज महाशब्दे ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अलावा सीआईडी में भी काम किया है.तनुज महाशब्दे को क्राइम शो सीआईडी में देखा गया था. सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है. तनुज महाशब्दे ने शो में सिक्योरिटी गार्ड का रोल निभाया था. उनका शो में छोटा सा रोल था. वायरल वीडियो में दिखाया गया कि सीआईडी की टीम एक केस की तहकीकात कर रहे होते हैं. इसी दौरान वो तनुज महाशब्दे के पास जाते हैं, जो कि सिक्योरिटी गार्ड की ड्रेस में नजर आते हैं. उनका रोल थोड़ा फनी था. उन्होंने इस रोल को परफेक्ट तरीके से निभाया था. उन्होंने सीआईडी की टीम को केस सॉल्व करने में हेल्प की थी.बता दें कि तनुज 17 सालों से तारक मेहता का उल्टा चश्मा में काम कर रहे हैं. इस शो के बारे में बात करते हुए तनुज ने कहा था कि तारक मेहता की टीम अब एक फैमिली बन गई है. तनुज ने कहा, श्शो सालों से चल रहा है और ये सिर्फ व्यूअर्स के प्यार की वजह से है. हम सेट पर रील फैमिली के साथ फेस्टिवल सेलिब्रेट करते हैं. हम अपना ज्यादातर समय सेट पर बिताते हैं. हम 12 से 14 घंटे शो के लिए देते हैं. जब सेट पर आते हैं तो लगता है कि घर पर और जब घर पर जाते हैं तो लगता है कि काम पर आ गए हैं.

# धर्म के लिए पति को छोड़ा, 157 शोज में काम कर चुकी एक्ट्रेस ने जब लिया संन्यास




कई पॉपुलर सेलिब्रिटीज जैसे सना खान, जायरा वसीम, अनघा भोसले ने ग्लैमर वर्ल्ड छोड़ धर्म की राह अपनाई. एक्ट्रेस नुपुर अलंकार ने भी सक्सेसफुल करियर छोड़ धर्म का रास्ता चुना था. नुपुर अलंकार टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रही हैं. उन्होंने 157 टीवी शोज में काम किया है. लेकिन एक दिन उन्होंने अचानक ग्लैमर वर्ल्ड छोड़ साध्वी बनने का फैसला फैंस को सुनाया और सभी को शॉक्ड कर दिया था. नुपुर ने पॉपुलर शोज जैसे शक्तिमान, घर की लक्ष्मी बेटियां, दीया और बाती हम,अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो, भागे रे मन, ये प्यार ना होगा कम, रेत जैसे कई शोज किए हैं. उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है. वो राजाजी, सावरिया और सोनाली केबल में नजर आईं. उन्होंने इंडस्ट्री में खूब सक्सेस देखी. बता दें कि नुपुर का जन्म 25 नवंबर 1972 को हुआ था. वो जयपुर में पैदा हुई थीं. इसके बाद वो फैमिली के साथ मुंबई आ गई थीं. उन्हा. ने अपनी स्कूलिंग जयपुर से कंप्लीट की है. नुपुर ने की एड्स में भी काम किया है. सितंबर 2022 में नुपुर ने ग्लैमर वर्ल्ड छोड़ने के फैसले की जानकारी फैंस को दी थी. उन्होंने बताया कि फरवरी 2022 में वो एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से रिटायर हो गईं. नुपुर ने धर्म की राह के लिए अपने पति अलंकार श्रीवास्तव को भी छोड़ दिया. 2002 में नुपुर और अलंकार की शादी हुई थी. लेकिन अब वो साथ नहीं हैं. हालांकिस नुपुर ने ये साफ किया कि वो अलंकार से अलग हुई हैं लेकिन उन्होंने तलाक नहीं लिया है. नुपुर को अब सिंपल कपड़ों में देखा जाता है. वो अपना पूरा समय भगवान की पूजा में लगाती हैं. सोशल मीडिया पर नुपुर की फोटोज वायरल रहती हैं.



# दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर रहीं दिशा सालियान की मौत

दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मै. नेजर रहीं दिशा सालियान की मौत के मामले में पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने कोर्ट से अपनी बेटी के दिशा सालियान मौत मामले की नए सिरे से जांच की मांग की है. इस याचिका में सतीश सालियान ने दावा किया है कि उनकी बेटी के साथ गैंगरेप हुआ था और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई.दिशा सालियान के पिता ने बेटी की हत्या का दावा करते हुए आदित्य ठाकरे, एक्टर सूरज पंचोली और डिनो मोर्या पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने ये भी कहा है कि मुंबई पुलिस ने हकीकत को छुपाने की कोशिश की है. सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे पर ये भी आरोप लगाया है कि सुशांत सिंह रा. जपूत की मौत के बाद उन्होंने रिया चक्रवर्ती से 44 बार फोन पर फोन किया था.सतीश सालियान ने याचिका में कहा है कि दिशा की मौत अचानक नहीं हुई. पहले उनके साथ गैंगरेप हुआ और फिर उनका मर्डर कर दिया गया. सतीश ने कहा–श्दिशा अपने करियर को लेकर काफी सीरियस थीं, ऐसे में उनका सुसाइड करना मुमकिन नहीं है. उस समय मुझे ये विश्वास दिलाया गया कि मेरी बेटी की मौत एक हादसा थी. पूर्व महापौर किशोरी पेडणेकर, मालवणी पुलिस थाने के अधिकारी लगातार इस बात पर जोर दे रहे थे कि वे जो बात कह रहे हैं, वो सच है. इन्हीं लोगों ने मेरे परिवार को लगातार दबाव में रखा और नजरबंद किया था. हमारी हर एक्टिविटी पर उनकी नजर थी. श्याचिका में ये भी कहा गया है कि मुंबई पुलिस ने दिशा के गैंगरेप और मर्डर को दबाने की कोशिश की. इसके लिए पुलिस ने सभी गवाह, फोरेंसिक रिपोर्ट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जैसी सारी चीजें फर्जी तरीके से तैयार कीं. चश्मदीदों के मुताबिकर 8 जून 2020 की रात दिशा के मालवणी वाले घर पर एक पार्टी थी जिसमें उसके कुछ करीबी दोस्त शामिल हुए थे. इस दौरान आदित्य ठाकरे, एक्टर सूरज पंचोली और डिनो मोरिया भी दिशा के घर पहुंचे थे. इस घटना के बाद ही दिशा को मौत के घाट उतार दिया गया.याचिका में यह भी दावा किया गया है कि दिशा सालियान का मर्डर करने के बाद उनकी डेड बॉडी को दरवाजे के पीछे से हटाकर बाहर फेंका गया. लेकिन कहा ये गया कि उसने 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया है. सतीश का कहना है कि दिशा की बॉडी पर सुसाइड से जुड़े कोई चोट के निशान नहीं थे. बल्कि रेप के निशान मिटाने के लिए मुंबई पुलिस ने दिशा के शव का पा. स्टमॉर्टम करने में 50 घंटे की देरी की. उन्हें ज्यादा देर तक दिशा की डेड बॉडी रखने नहीं दी गई और जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया गया. दिशा सालियान के पिता ने आरोप लगाया है कि घटना वाले दिन इमारत और आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी गायब कर दिए गए. वहां मौजूद कई लोगों के मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (ब्क्त) को दर्ज ही नहीं किया गया. इन सभी बातों के बावजूद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उन्होंने घटना से जुड़े व्यक्तियों और भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की कोशिश की. इसलिए उनकी भी इस मामले में जांच होनी चाहिए.याचिका में मांग की गई है कि आदित्य ठाकरे, रिया चक्रवर्ती, संबंधित पुलिस अधिकारियों और डॉक्टरों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जाए. साथ ही, इन सभी की नार्को टेस्ट, ब्रेन मै. पिंग और लाई डिटेक्टर टेस्ट भी कराए जाए. सतीश सालियान ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में ये मांग भी की है कि दिशा सालियान के केस की सारी जांच कोर्ट की निगरानी में एनआईए या सीबीआई ही करे.

**भाई पिक्चर हिट है... स्क्रीनिंग में सुनते ही मुस्कुराए सलमान खान, फैमिली संग देखी सिकंदर**

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म श्सिकंदरश रिलीज के लिए तैयार है. फिल्म इसी साल ईद पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है. इससे पहले सलमान खान ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी. इस दौरान उन्होंने अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ अपनी फिल्म को एंजॉय किया.19 मार्च को सलमान खान और उनकी फैमिली ने एक साथ श्सिकंदरश देखी. फिल्म की स्क्रीनिंग में सलमान खान ब्लैक शर्ट और ब्लू जीन्स पहनकर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और हाथ उठाकर उन्हें हैलो भी कहा. इस दौरान पैप्स ने कहा– श्भाई पिक्चर हिट है.श इस पर सुपरस्टार मुस्कुराकर उन्हें बाय करते दिखेश्सिकंदरश की स्पेशल स्क्रीनिंग में सलमान खान के पेरेंट्स सलीम खान और सलमा खान भी पहुंचे थे. वहीं उनके भाई अरबाज खान भी फिल्म देखने पहुंचे. इस दौरान उनकी वाइफ शूरा खान भी उनके साथ थीं. सलमान की बहन अलवीरा खान अपने पति और बेटे के साथ फिल्म देखने गई थीं. वहीं अर्पिता शर्मा भी पति आयूष शर्मा के साथ श्सिकंदरश देखने के लिए स्क्रीनिंग में शामिल हुईं. उन्होंने इस दौरान पैपराजी को पोज भी दिए.काफी सस्पेंस के बाद मेकर्स ने श्सिकंदरश की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है. फिल्म 30 मार्च (रविवार) को दुनिया भर के थिएटर्स में रिलीज होगी. फिल्म का टीजर और तीन गाने जोहरा. जबीं, बम बम भोले और श्सिकंदरश नाचे रिलीज हो चुके हैं. हालांकि अभी फिल्म का ट्रेलर आना बाकी है.एआर मुर्गदास के डायरेक्शन में बनी फिल्म श्सिकंदरश एक एक्शन–ड्रामा है. फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की स्टार कास्ट की बात करें तो सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना बतौर लीड एक्ट्रेस दिखाई देंगी. साउथ स्टार सत्यराज फिल्म में विलेन का रोल निभा रहे हैं. इसके अलावा काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और अंजिनी धवन भी फिल्म का हिस्सा हैं.

# जब रेखा के खिलाफ राकेश रोशन के भरे गए थे कान, खून . भरी मांग में ना लेने की मिली थी सलाह, चौंका देगी वजह

दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने 1970 के दशक में बॉलीवुड में कदम रखा और अपनी दमदार एक्टिंग और स्क्रीन प्रेजेंस की वजह से सेंसेशनल बन गईं. हालांकि, कुछ लोगों को रेखा की सफलता रास नहीं आ रही थी और उन्होंने अफवाह फैलाना शुरू कर दिया कि अभिनेत्री अनप्रोफेशनल हैं. एक्टर और फिल्म मेकर राकेश रोशन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि रेखा के खिलाफ उनके भी खूब कान भरे गए थे और उन्हें फिल्म खून भरी मांग में एक्ट्रेस को कास्ट ना करने की सलाह मिली थी.दरअसल राकेश ने एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि कई लोगों ने उन्हें खून भरी मांग में रेखा को कास्ट ने करने के बारे में वॉर्न किया था. हालांकि, उन्होंने अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया. राक. `श ने कहा, ष्रेखा में एक ऐसी क्वालिटी है जो बहुत कम अभिनेत्रियों में होती है. वह अपनी सभी फिल्मों में अलग होती हैं. मैंने उनके साथ एक एक्टर के तौर पर कुछ फिल्में की हैं जैसे खूबसूरत, आक्रमण और औरत. जब मैं निर्देशक के तौर पर खून भरी मांग में मां की भूमिका के लिए उनके पास गया, तो लोगों ने मुझे उनके खिलाफ चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि आप उनके साथ फिल्म बना रहे हैं, वह कभी भी समय पर नहीं आती हैं, हमेशा समय से पहले भाग जाती हैं.ष्राकेश ने आगे कहा, ष्मैंने हमेशा उनके बारे में ये अफवाहें सुनी हैं, लेकिन जब भी मैंने उनके साथ काम किया, मुझे कभी ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला. जब मैं बतौर निर्देशक रेखा के पास गया, तो मैंने उनसे कहा, श्सुनो, यह मेरी दूसरी फिल्म है और यह एक मुश्किल सब्जेक्ट है. यह एक महिला–प्रधान फिल्म है. मैं इस फिल्म के साथ रिस्क उठा रहा हूं. कहानी ऐसी थी कि क्लाइमेक्स में पत्नी अपने पति को मार देती है. मैंने उनसे साफ–साफ पूछा, श्तुम मुझे कोई परेशानी नहीं दोगी ना?श वह बोली, श्तुम क्या कह रहे हो? क्या मैंने कभी ऐसा किया है? मैं सिर्फ उन लोगों को परेशान करती हूं जो मुझे पैसे नहीं देते या जो अपना वादा पूरा नहीं करते.श मैंने कहा ठीक है.ष्राकेश रोशन ने रेखा से कोई मिल गया में एक रोल के लिए कॉन्टेक्ट करने की बात भी याद की, उन्होंने शेयर किया, ष्मैं उन्हें कहानी सुनाने गया था. कहानी सुनाने के बाद, मैंने उनसे पूछा, श्यह कैसी है?श. वह बहुत चतुर है. उसने तुरंत कहा, श्आप यह कहानी मुझे इसलिए नहीं सुना रहे हैं क्योंकि आप मेरा रिएक्शन चाहते हैं, आप मुझे यह इसलिए सुना रहे हैं क्योंकि आप चाहते हैं कि मैं मां की भूमिका निभाऊंश मैंने कहा, श्हाँश.ष

# आदित्य ठाकरे ने किसे 44 बार कॉल किया? कैसे फेंका गया शव? पिता की याचिका में कई दावे

दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर रहीं दिशा सालियान की मौत के मामले में पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने कोर्ट से अपनी बेटी के दिशा सालियान मौत मामले की नए सिरे से जांच की मांग की है. इस याचिका में सतीश सालियान ने दावा किया है कि उनकी बेटी के साथ गैंगरेप हुआ था और उसके बाद उसकी हत्या कर दी गई.दिशा सालियान के पिता ने बेटी की हत्या का दावा करते हुए आदित्य ठाकरे, एक्टर सूरज पंचोली और डिनो मोर्या पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने ये भी कहा है कि मुंबई पुलिस ने हकीकत को छुपाने की कोशिश की है. सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे पर ये भी आरोप लगाया है कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद उन्होंने रिया चक्रवर्ती से 44 बार फोन पर फोन किया था.गैंगरेप के बाद दिशा सालियान का किया गया मर्डर!सतीश सालियान ने याचिका में कहा है कि दिशा की मौत अचानक नहीं हुई. पहले उनके साथ गैंगरेप हुआ और फिर उनका मर्डर कर दिया गया. सतीश ने कहा–श्दिशा अपने करियर को लेकर काफी सीरियस थीं, ऐसे में उनका सुसाइड करना मुमकिन नहीं है. उस समय मुझे ये विश्वास दिलाया गया कि मेरी बेटी की मौत एक हादसा थी. पूर्व महापौर किशोरी पेडणेकर, मालवणी पुलिस थाने के अधिकारी लगातार इस बात पर जोर दे रहे थे कि वे जो बात कह रहे हैं, वो सच है. इन्हीं लोगों ने मेरे परिवार को लगातार दबाव में रखा और नजरबंद किया था. हमारी हर एक्टिविटी पर उनकी नजर थी.श्आदित्य ठाकरे, एक्टर सूरज पंचोली और डिनो मोरिया पर गंभीर आरोपयाचिका में ये भी कहा गया है कि मुंबई पुलिस ने दिशा के गैंगरेप और मर्डर को दबाने की कोशिश की. इसके लिए पुलिस ने सभी गवाह, फोरेंसिक रिपोर्ट, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जैसी सारी चीजें फर्जी तरीके से तैयार कीं. चश्मदीदों के मुताबिकर 8 जून 2020 की रात दिशा के मालवणी वाले घर पर एक पार्टी थी जिसमें उसके कुछ करीबी दोस्त शामिल हुए थे. इस दौरान आदित्य ठाकरे, एक्टर सूरज पंचोली और डिनो मोरिया भी दिशा के घर पहुंचे थे. इस घटना के बाद ही दिशा को मौत के घाट उतार दिया गया.ऐसे फेंकी गई दिशा की डेड बॉडी!
याचिका में यह भी दावा किया गया है कि दिशा सालियान का मर्डर करने के बाद उनकी डेड बॉडी को दरवाजे के पीछे से हटाकर बाहर फेंका गया. लेकिन कहा ये गया कि उसने 14वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया है. सतीश का कहना है कि दिशा की बॉडी पर सुसाइड से जुड़े कोई चोट के निशान नहीं थे. बल्कि रेप के निशान मिटाने के लिए मुंबई पुलिस ने दिशा के शव का पोस्टमॉर्टम करने में 50 घंटे की देरी की. उन्हें ज्यादा देर तक दिशा की डेड बॉडी रखने नहीं दी गई और जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर किया गया. गायब किए गए घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज?
दिशा सालियान के पिता ने आरोप लगाया है कि घटना वाले दिन इमारत और आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी गायब कर दिए गए. वहां मौजूद कई लोगों के मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (ब्क्त) को दर्ज ही नहीं किया गया. इन सभी बातों के बावजूद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि उन्होंने घटना से जुड़े व्यक्तियों और भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की कोशिश की. इसलिए उनकी भी इस मामले में जांच होनी चाहिए.आदित्य ठाकरे–रिया चक्रवर्ती के नार्को टेस्ट कराने की मांगयाचिका में मांग की गई है कि आदित्य ठाकरे, रिया चक्रवर्ती, संबंधित पुलिस अधिकारियों और डॉक्टरों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जाए. साथ ही, इन सभी की नार्को टेस्ट, ब्रेन मैपिंग और लाई डिटेक्टर टेस्ट भी कराए जाए. सतीश सालियान ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में ये मांग भी की है कि दिशा सालियान के केस की सारी जांच कोर्ट की निगरानी में एनआईए या सीबीआई ही करे.

# कासगंज : विद्युत टीम की मॉर्निंग रेड में बिजली चोरी करते पकड़े गए छह लोग

कासगंज विद्युत टीम के द्वारा अल्लीपुर व तिलसई कलां में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें छह लोग विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।विद्युत निगम के अवर अभियंता प्रवेश कुमार ने विद्युत कर्मियों की टीम के साथ सुबह के समय अल्लीपुर व तिलसई कलां में चेकिंग अभियान चलाया। सुबह के समय चलाए गए चेकिंग अभियान के कारण कटिया डालकर विद्युत चोरी कर रहे लोग अपनी कटिया नहीं निकाल सकें और विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। जिनमें अनिश खां निवासी तिलसई कलां, मुन्नीदेवी, मीरादेवी, कोमल सिंह, अतर सिंह, सुबोध कुमार निवासी अल्लीपुर शामिल हैं। अवर अभियंता प्रवेश कुमार ने बताया कि गांव में कई दिनों से विद्युत चोरी किए जाने की शिकायतें मिल रहीं थीं। छह लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पाया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ विद्यु चोरी की धारा 138बी के अंतर्गत एफआ. ईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने अपील की लोग अपना बकाया बिल जमा करें। विद्युत चोरी करते हुए पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# एटा जिले की अलीगंज थाना पुलिस ने ई–रिक्शा चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया

एटा जिले की अलीगंज थाना पुलिस ने ई–रिक्शा चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकुर पुत्र रामरतन के रूप में हुई है, जो थाना जसरथपुर का निवासी है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को डांक बंगला तिराहे से एक चोरी के ई–रिक्शा के साथ पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने जनपद कन्नौज से चोरी किए गए दो अन्य ई–रिक्शा के बारे में जानकारी दी। ये दोनों ई–रिक्शा कैल्डा पेट्रोल पंप के पास ईदगाह रोड पर स्थित एक खंडहर मकान से बरामद किए गए।यह कार्रवाई एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर की गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर के नेतृत्व में टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक अवधेश कुमार, कांस्टेबल अम. रजीत सिंह और कांस्टेबल विनय कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

# एटा जिले के मोहल्ला काजी में एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते खुद को आग लगा ली

एटा जिले के मोहल्ला काजी में एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते खुद को आग लगा ली। महिला की पहचान शमरीन के रूप में हुई है। वह इलियास की पत्नी हैं, जो पैरों से विकलांग हैं और मोहल्ले में परचून की दुकान चलाते हैं।घटना के समय इलियास दुकान पर गए हुए थे। शमरीन ने अकेला पाकर खुद को आग के हवाले कर दिया। आग की लपटें और चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। तब तक महिला बुरी तरह झुलस चुकी थी।स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। घायल शमरीन को पहले सकीट स्थित अस्पताल ले जाया गया। वहां से एटा अस्पताल रेफर किया गया।



चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया था।थाना प्रभारी सकीट चमन गोस्वामी ने बताया कि यह घटना पति–पत्नी के बीच चल रहे विवाद का परिणाम है। पुलिस को जानकारी मिली है कि दोनों की शादी करीब 6 महीने पहले हुई थी। इलियास के विकलांग होने के कारण शमरीन उनके साथ रहना नहीं चाहती थीं। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचित कर दिया है।

# कासगंज 14 साल छह माह पूर्व पटियाली में हुई उवैश की हत्या के मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई

कासगंज 14 साल छह माह पूर्व पटियाली में हुई उवैश की हत्या के मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश ने पक्ष विपक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद दो आरोपियों पर दोषसिद्ध किया है। न्यायाधीश ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा के अलावा एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।पटियाली कस्बे के मुहल्ला मंसूर निवासी मुहम्मद राशिद ने बताया 21 सितंबर 2011 को उसके भाई उवैश की धारदार हथियार से हत्या कर शव को नगला काजी के मार्ग पर फेंक दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस जांच में हुसैन उर्फ बबलू राज, हिलाल निवासी पटियाली के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ न्यायालय में 22 दिसंबर 2011 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। गुरुवार को अपर जिला सत्र के कक्ष संख्या एक में न्यायाधीश अनुतोष कुमार शर्मा ने सुनवाई करते हुए पक्ष विपक्ष के अधिवक्ताओ की दलील सुनने और साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध करते हुए दोनों आजीवन कारावास और एक लाख रुपए के अर्थदंड़ की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड जमा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं 14 साल छह माह बाद राशिद के परिवार को न्याय मिल सका है। राशिद का कहना है कि भले ही न्याय देरी सी मिला, लेकिन उवैश के हत्यारों को अब सजा मिल चुकी है। सत्य की जीत हुई।

# बसपा पदाधिकारियों ने एसएसपी से मिलकर की कार्रवाई की मांग

एटा। जलेसर थाना क्षेत्र में पांच दिन पहले हुई मारपीट की घटना के मामले में बृहस्पतिवार को पीड़ितों के साथ बसपा पदाधिकारी पुलिस कार्यालय पहुंचे। एसएसपी श्याम नारायण सिंह से मिलकर कार्रवाई की मांग की।पूर्व मंत्री राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी सहित अन्य पदाधिकारी पीड़ितों को लेकर एसएसपी से मिले। बताया कि जलेसर थाना क्षेत्र के गांव नगला घनश्याम का मनीष कुमार जाटव परिवार सहित उर्स देखकर गाड़ी से लौट रहा था। जयचंद्र आदि लोगों ने रास्ते से न निकलने की धमकी दी और हमला कर दिया।गाड़ी की तोड़फोड़ कर दी और उसे व उसके परिजन को पीटकर घायल कर दिया। मां के गले से चेन तोड़ ली। जातिसूचक गालियां देकर अपमानित किया। आरोप लगाते हुए बताया कि वह थाने में गया तो वहां मौजूद दरोगा ने उसका प्रार्थनापत्र न लेकर बोल–बोलकर दूसरा प्रार्थनापत्र लिखवाया और मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी गांव में नहीं घुसने दे रहे हैं। एसएसपी ने कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया।

# कासगंज छर्रा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

कासगंज :कासगंज छर्रा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना को लेकर परिवार में को. हराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गंगीरी थाना क्षेत्र के गांव तहरा निवासी राकेश का 22 वर्षीय युवक बॉबी किसी काम के लिए कासगंज आया हुआ था। बुधवार की शाम साढ़े सात बजे के लगभग वह लौटकर गांव जा रहा था, तभी ढोलना थाना क्षेत्र के वाहिदपुर माफी के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। सवार बॉबी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ढोलना इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ





शर्मा मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना के बारे में जानकारी हासिल की और घटना की जानकारी मृतक बॉबी के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बॉबी का शव देखकर विलाप करना शुरू कर दिया। परिजनों ने बताया कि बॉबी की शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एटा जेल से हटाए गए जेलर. महिला से बनाए शारीरिक संबंध

यौन शौषण के आरोपों में घिरे एटा जिला जेल के जेलर को हटा दिया गया है। उन्हें झांसी जिला जेल से संबद्ध कर दिया है। इधर, उन पर पुलिस कार्रवाई का भी खतरा मंडरा रहा है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी कर सकती है।एटा में महिला के यौन शोषण के आरोपों में घिरे जेलर को जेल प्रशासन ने हटा दिया है। अब उन पर कार्रवाई की भी तलवार लटक गई है। जल्द ही पुलिस मजिस्ट्रेट के समक्ष महिला के बयान कराएगी। इसके बाद जेलर की गिरफ्तारी हो सकती है।इस महिला का जेलर से लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसने 10 फरवरी की शाम को जेलर के आवास पर पहुंचकर हंगामा भी काटा था। इस हंगामे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसने कहा था कि जिला कारागार में तैनात जेलर प्रदीप कश्यप ने उसका यौन शोषण किया है। विभागीय कार्रवाई न होने पर उसने 14 मार्च को कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज करा दी।आरोप लगाया है कि कोई नशीला पदा. र्थ खिलाकर जेलर ने उसके साथ शारी. रिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर गर्भपात कराया। गाली–गलौज करते हुए पिटाई की। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद जेल अधीक्षक ने उन्हें हटाए जाने की संस्तुति करते हुए अपनी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। बुधवार को जेलर को यहां से हटाकर झांसी जिला कारागार से संबद्ध कर दिया गया।विभागीय कार्रवाई के अलावा अब गंभीर मामला पुलिस कार्रवाई का भी है। इसमें जेलर को आरोपों की गंभीरता के चलते गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा सकता है। सीओ सिटी अमित कुमार ने बताया कि मामले में विवेचना चल रही है। महिला पुलिस के समक्ष अपने बयान दर्ज करा चुकी है। अब मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाने हैं। एक–दो दिन में बयान दर्ज कर लिए जाएंगे। पीड़िता आरोपों पर कायम रहती है तो जेलर की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए जाएंगे

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पीड़ितो को छूने या उसके कपड़े उतारने को दुष्कर्म का प्रयास

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पीड़ितो को छूने या उसके कपड़े उतारने को दुष्कर्म का प्रयास नहीं कहा जा सकता है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोपियों के खिलाफ जारी सम्मन को रद्द कर दिया है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि पीड़िता को छूने या कपड़े उतारने की को. शिश को दुष्कर्म का प्रयास नहीं माना जा सकता। इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की कोर्ट ने कासगंज के आरोपियों के खिलाफ ट्रायल कोर्ट से जारी सम्मन को रद्द कर दिया। कोर्ट ने यौन हमले की धाराओं के तहत पुनरू आदेश पारित करने का आदेश दिया है।याची के अधिवक्ता ने आरोपियों को झूठा फंसाने की दलील दी। कहा कि दुष्कर्म के प्रयास की धाराओं में सम्मन जारी किया गया है, जबकि यह आरोपों के अनुरूप नहीं है। सम्मन जारी करते वक्त ट्रायल कोर्ट ने न्यायिक विवेक का प्रयोग नहीं किया। हाईकोर्ट ने आंशिक अपील स्वीकार करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने पीड़िता की छाती को पकड़ लिया, नाड़ा तोड़ दिया और पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश की, कुछ लोगों के हस्तक्षेप पर वे भाग गए... सिर्फ इतने तथ्य से दुष्कर्म के प्रयास का मामला नहीं बनता।मामला कासगंज के पटियाली थाना क्षेत्र का है। चार साल



पहले पीड़िता की मां ने 12 जनवरी 2022 को ट्रायल कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 10 नवंबर 2021 को वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ पटियाली में देवरानी के घर गई थी। उसी दिन शाम को लौटते वक्त गांव के ही पवन, आकाश और अशोक मिल गए। पवन ने बेटी को अपनी बाइक पर बैठाकर घर छोड़ने की बात कही। मां ने उस पर भरोसा करते हुए बाइक पर बैठा दिया। रास्ते में पवन और आकाश ने लड़की को पकड़ लिया और उसके कपड़े उतारने का प्रयास करते हुए पुलिया के नीचे खींचने लगे।लड़की की चीख सुनकर ट्रैक्टर से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे, जिन्हें तमंचा दिखाकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। शिकायत करने आई पीड़िता की मां को भी आरोपी पवन ने गाली–गलौज करते हुए धमकाया। पुलिस के केस नहीं लिखने पर मां ने ट्रायल कोर्ट में अर्जी दी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सम्मन आदेश जारी किया, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

## पिता ने मासूम बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी, टॉफी दिलाने के बहाने ले गया था साथ, एटा पुलिस ने किया गिरफ्तार

एटाः उत्तर प्रदेश के एटा जिले में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक पिता पर ही अपनी पांच साल की बेटी रागिनी की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगा हैं। पुलिस ने मौका ए वारदात पर जाकर जांच की। पुलिस ने आरोपी पिता जैकी पुत्र विक्रम को गिरफ्तार कर लिया। एटा के सीओ अमित राय ने फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड की टीम ने साक्ष्य एकत्रित कराए। पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस को बच्ची के मामा दीप सिंह राठौर ने बताया कि मेरे बहनोई जैकी बुधवार की देर शाम को शराब पीकर घर पहुंचा, उसने बच्ची को गोद लिया। पिता होने के कारण मैंने बच्ची को लेने से मना नहीं किया। वह टेंपो में बैठकर टॉफी दिलाने ले गया। रात के 12 बजे बहनी ने फोन कर बताया कि बेटी रागिनी खत्म हो गई। हमारे पूछने पर बताया कि रात को खाना खिलाकर सुला दिया था। पेशाब के लिए उठाया तब मरी मिली, जबकि बहनोई के पिता का कहना है, लड़की के गले पर खरोंच के निशान है। दीप सिंह ने शक जताया कि मेरे बहनोई ने मेरी भांजी (अपनी बेटी) को मारा है। बच्ची की मां प्रेम लता का कहना है कि पति ने बेटी का गला दबाकर हत्या की है। गुरुवार सुबह 6 बजे फोन करके उसने मुझे बताया कि बेटी रागिनी की मौत हो गई। हम एक महीने से अपने मायके में रह रहे थे। बुधवार को पति जब हमारे घर गए, तो हमसे बोले तक नहीं थे। थाना प्रभारी कोतवाली देहात आरके सिंह ने बताया कि




घटना बुधवार देर रात साढ़े ग्यारह बजे की है। सूचना पुलिस को गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे मिली है। पुलिस ने फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वाड की टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ सदर अमित राय ने बताया आरोपी पिता जैकी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच की जा रही है। हत्या की वजह तलाशी जा रही हैं। पूछताछ में खुलासा होगा।